# सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश

**✷ नवीन लैम्प्स के लिए जमीन आरक्षित किया जाएगा**

कांकेर, 13 जनवरी (सन्यूस)। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को पेंशन राशि का वितरण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर चन्दन कुमार ने समाज कल्याण के उप संचालक और सभी जनपद सीईओ निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण हितग्राही के बैंक अथवा पोस्ट ऑफिस के खाता माध्यम किया जा रहा है। कलेक्टर चन्दन कुमार ने इस कार्य का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के लिए सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया है। उन्होंने राज्य शासन द्वारा कांकेर जिले में स्वीकृत 35 नवीन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति (लैम्प्स) के लिए जमीन आरक्षित करने हेतु तहसीलदारों को निर्देशित किया है।

कलेक्टर चन्दन कुमार ने मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए भू-अर्जन के प्रकरण को शीघ्र निराकृत करने, सांसद एवं विधायक निधि तथा बस्तर विकास प्राधिकरण अंतर्गत स्वीकृत सभी निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने, आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण पूरा करने तथा सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जन्म-मृत्यु का पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। सभी एसडीएम को अपने प्रभार क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्डों में हाउसिंग बोर्ड के द्वारा नव निर्मित भवनों का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी लेने के निर्देश दिये गये हैं। राजघाट खनिज प्रभावित क्षेत्र के 22 गांवों के समन्वित विकास एवं सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने कहा गया है।

## बासागुड़ा-जगरगुण्डा एरिया कमेटी के 3 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर, 13 जनवरी (सन्यूस)। जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बासागुड़ा-जगरगुण्डा एरिया कमेटी के 03 नक्सली आलम बामों पिता स्व आलम सुकलू उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोरसागुड़ा थाना बासागुड़ा एक्शन टीम डिप्टी कमाण्डर, मोड़ियम सुंदर पिता मोड़ियम पाण्डु उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया साकिन कोरसागुड़ा थाना बासागुड़ा ग्राम रक्षा दल/सप्लाई टीम सदस्य, मड़कम मोटू पिता सन्नु उम्र 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोरसागुड़ा थाना बासागुड़ा मिलिशिया सेक्शन कमाण्डर ने आज उप महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स कोमल सिंह, बीजापुर एसपी कमलोचन कश्यप, कमांडेंट 168 बटालियन विकास पाण्डे, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स आशीष कुंजाम के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।

# समाज कल्याण विभाग के विभिन्न योजनाओं से 21 हजार से अधिक हितग्राही लाभान्वित

**✷ आगामी 6 माह में मिलेगा 1978 लोगों को लाभ**

सुकमा 13 जनवरी (सन्यूस)। समाज कल्याण विभाग जिलेवासियों को विभागीय योजनाओं द्वारा लाभ पहुंचाने में सफल कार्य कर रहा है। शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत आम जन को आर्थिक लाभ देकर जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए जरूरतमंदो तक लाभ पहुंचाने का कार्य विभाग सुनिश्चित कर रहा है। विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के कुल 21 हजार 194 हितग्राहियों को शासन के विभिन्न योजनाओं द्वारा लाभ पहुंचाया गया है। जिसमें कृत्रिम अंग उपकरण योजना, वरिष्ठ नागरिक सहायता, दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना, निशक्त वित्त विकास निगम द्वारा ऋण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुखद सहारा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, नवीन मुख्यमंत्री पेंशन योजना, परिवार सहायता योजना इत्यादि शामिल है।

**आगामी 6 माह में 1978 को मिलेगा योजनाओं से लाभ**

उपसंचालक समाज कल्याण विभाग वीएस बघेल ने बताया कि सर्वे के माध्यम से जिले में कुल 1978 लोग है जो आगामी 6 माह में पात्र हो जाएंगे, जिसमें 1040 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं द्वारा आर्थिक राशि का भुगतान प्रारम्भ किया जा चुका है। वहीं 938 हितग्राही 4 माह के भीतर पात्र की श्रेणी में आ जाएंगे जिसके पश्चात उन्हें योजनांतर्गत राशि प्रदान की जाएगी।

# एन.एस.एस. इकाई सरोना द्वारा युवा दिवस के अवसर पर मरीजों को फल वितरित

कांकेर, 13 जनवरी (सन्यूस)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना में 11 जनवरी को बी.ई.ओ रमेश कुमार निषाद के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी मुस्तकीम अंसारी के द्वारा युवा दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम में युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन अध्यक्ष पुष्कर साहू उप सरपंच ग्राम पंचायत सरोना फैजल मेमन एनएसयूआई प्रदेश कार्यकारिणी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ स्वयंसेवकों ने हर्षोल्लास से लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे उठे गाकर जाकर स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का निश्चय कर किया स्वयंसेवक में निहाल नागेश यादव, देविका चंदवंशी, हर्षा हिरवानी, चंद्रकला कोडोपी, ज्योति मानिकपुरी एवं अन्य स्वयंसेवक थे इसके पश्चात स्वयं सेवकों ने स्कूल स्टाफ राजेंद्र नेताम, पी.आर.कदम भूपेंद्र सिन्हा, गोपीनाथ मरकाम, सुमन साहू, श्रीमती पायल भास्कर, सुश्री मोना देवांगन, सुश्री ओसीन शर्मा, श्रीमती सुजाता पांडे, श्रीमती मंजू सिन्हा के द्वारा पीएचसी सरोना में डॉक्टर सुशील गुप्ता की उपस्थिति में गर्भवती महिला एवं मरिजों को एनएसएस इकाई सरोना द्वारा फल वितरण किया गया कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मुस्तकीम अंसारी ने किये ।

# सचिव एवं रोजगार सहायकों ने भैंस के आगे बीन बजाकर किया विरोध प्रदर्शन

**✷ सचिव व रोजगार सहायकों का अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी**

कोण्टा, 13 जनवरी (सन्यूस)। पिछले 17 दिनों से पंचायत सचिव संघ व रोजगार सहायक अपनी मांगों को लेकर कामबंद, कलमबंद, कर हड़ताल पर है। पंचायत सचिव बेमुदत हड़ताल के दौरान हर दिन एक नए तरीके से राज्य सरकार के विरुद्ध अपना विरोध जता रहे है। इस कड़ी में हड़ताली सचिवों सोमवार व रोजगार सहायकों के द्वारा 16 वे दिन भैंस के आगे बीन बजाकर सरकार को अपने वादे याद कराए।

भाजपा जिलाध्यक्ष हूँगाराम मरकाम ने कहा कि सचिवों व रोजगार सहायकों के मांगें जायज है। उन्होने संघ को संबोधित कर उनका हौसला बढ़ाया।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में 40 बच्चे हुए शामिल

दसपुर, 13 जनवरी (सन्यूस)। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम के तहत सोमवार को पूर्व माध्यमिक शाला दसपुर मोहल्ला क्लास के बच्चों का पेंटिंग प्रतियोगिता रखा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कांकेर जे.एल. उईके के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल कांकेर के एनटीसीपी टीम प्रदीप सिन्हा सोशल वर्कर द्वारा तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में सभी बच्चों को बताएं एवं कोटपा अधिनियम 2003 के बारे में जानकारी दिये। संकुल समन्वयक कोदाभाट कमलेश साहू द्वारा तंबाकू नियंत्रण जागरूकता लाने हेतु बच्चों को अपने पालक एवं आसपास के लोगों को भी जागरूकता लाने के लिए बच्चों को जानकारी दिये। इस प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर के चालीस प्रतिभागी सम्मिलित हुए। जिसमें प्रथम लक्की साहू कक्षा छठवीं, द्वितीय तानिया साहू कक्षा छठवीं एवं तृतीय नितिन नेताम कक्षा आठवीं के विद्यार्थी चयनित हुए। पेंटिंग प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक शाला दसपुर के निर्णायक शिक्षक मोहम्मद हामिद हनफी एवं श्रीमती चंद्रिका वट्टी द्वारा चयन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन हेतु प्रतीक चिन्ह दिया गया। इस अवसर पर गणेश राम नेताम प्रधान पाठक, समस्त शिक्षक स्टाफ एवं सभी बच्चे उपस्थित रहे।

# मेडिकल कालेज में दाखिला के नाम पर महिला से हुई लाखों की ठगी

पखांजूर, 13 जनवरी । मेडिकल कॉलेज में दाखिला पर के नाम पर पखांजूर के महिला से 34 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. मामले में मुख्य आरोपी एजुकेशन कांउसल 2008 से लोगों को मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर झांसा देकर ठगी कर रहा है. इस तरह के मामले में वर्ष 2013 में जेल भी जा चुका है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थिया शिखा दास ने थाना पखांजूर में अपराध दर्ज कराई थी कि वर्ष 2018 में फोन पर आरोपी से संपर्क हुआ था, जिसने अपने को मेडिकल काउंसलर तथा मंत्रालय में पहंच बताकर उसके 2 बच्चों को मैनेजमेंट सेन्ट्रल पुल कोटा में बेंगलुरु मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलाने के का आश्वासन देकर 34 लाख रुपए की ठगी कर ली है. प्रार्थना की रिपोर्ट पर थाना पखांजूर में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 02/20 धारा 419,420 भादवि65 (ष्ठ) आईटी एक्टपंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना में घटना में सलिंस आरोपी दिल्ली निवासी दीपक चटर्जी पिता स्व विश्वनाथ चटर्जी (स० वर्ष), बरेली. उप निवासी प्रदीप सिंह उर्फ अरविंद गंगवार पिता बज्रपाल सिंह (34 वर्ष) और गाजियाबाद उप निवासी जियाउल हक रहमानी पिता डॉ एआर रहमानी (32 वर्षों) को प्रोडक्शन वारंट पर हाजिर कर 11 जनवरी को गिरफ्तार किया तीनो आरोपियों ने देशभर में कई राज्यों में मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कालेज में एडमिशन कराने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगीकरना स्वीकार किया है. आरोपियों में से दीपक चटर्जी ने अपने को शैक्षणिक सलाहकार बताते हुए जानकारी दी कि वह 2008 से इस प्रकार के कृत्य में सलिप्त रहा है. 2013 में जेल भी जा चुका है. वही आरोपी जियाउल हक रहमानी रूस से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त किया है. इसके अलावा तीसरा आरोपी प्रा दीप सिंहइलेक्ट्रकाल इंजीनियर है. सभी आरोपी हाईप्रोफाइल लोगों को मैनेजमेंट कोटा पर मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपए की लाखों रुपए के ठगी की करना स्वीकार किया है. आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पखाजूर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल कराया गया।

# ग्राम पुजारी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

सुकमा, 13 जनवरी (सन्यूस)। जिले के तोंगपाल थाना क्षेत्र के चिड़पाल निवासी राजूराम ने अपनी मां का देशी इलाज गांव के 65 वर्षीय पुजारी सोमाराम से कराया था। झाड़ फूंक के कुछ दिन बाद उसकी मां की मौत हो गई, इस बात से नाराज युवक ने 9 जनवरी को ग्राम पुजारी सोमाराम की टंगिया से मारकर हत्या कर दिया था। तोंगपाल पुलिस ने आरोपी राजूराम को गिरफ्तार कर आज जेल दाखिल कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी के मां की तबीयत पुजारी के देशी ईलाज से ठीक नहीं हुई और उसकी मौत हो गई, तब से आरोपी राजूराम ग्राम पुजारी को मारने के लिए बकायदा योजना के तहत भाई की बेटी की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर पुजारी सोमाराम को अपने साथ घर ले जा रहा था।

इसी दौरान गांव से कुछ दूर जंगल में उसने टंगिया से मारकर पुजारी की हत्या कर दी।

# प्रमिला साव को ''सवित्री बाई फुले'' सम्मान

कांकेर, 13 जनवरी (सन्यूस)। शिक्षा जगत् में नित नए नवाचार एवं रचनात्मक कार्य करने, विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक कर सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास करने, बालिका शिक्षा एवं नारी शक्ति को प्रोत्साहित करने, छ.ग. प्रगतिशील एवं नवाचारी शिक्षक महासंघ के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजक के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने एवं कोरोना काल में लगातार जिला स्तरीय आनलाईन कक्षाएं लेकर कांकेर जिले में तृतीय स्थान बनाने के लिए शा.उ.मा.वि. पटीद की शिक्षिका श्रीमती प्रमिला साव को ''सावित्री बाई फुले सम्मान'' से सम्मानित किया गया।

उन्हें यह सम्मान विगत दिवस अनुसूचित जाति विकास परिषद द्वारा धमतरी के गांधी सभा भवन में सावित्री बाई फुले जयंती के अवसर पर प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद श्रीमती फूलो देवी नेताम थी, विशिष्ट अतिथि धमतरी महापौर विजय देवांगन थे, विशेष अतिथि के रूप में डॉ. सुशीला यादव, सेवक राम नीले, के.के. द्विवेदी, शशीप्रभा चेटियार एवं राजेश ठाकुर थे। उक्त कार्यक्रम में परिषद के प्रदेश संयोजक नरेश खापर्डे एवं सभी सदस्य उपस्थित थे ।

पुरस्कार वितरण के दौरान प्रमिला साव ने ''नारी शक्ति'' पर स्वरचित कविता का वाचन किया जिसे अतिथियों ने प्रासंगिक बताते हुए बहुत सराहना की । उनकी इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य श्रीमती उर्मिला गायकवाड़ एवं समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है ।

# कोंडागॉव युवा कांग्रेस ने घेरा भाजपा कार्यालय, ताली और थाली बजाकर किया विरोध

कोंडागांव, 13 जनवरी (सन्यूस)। जिला युवा कांग्रेस के नेतृत्व में केंद्र में बैठी किसान विरोधी नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा जारी किए हुए तीन काले कानूनों के विरोध में व छत्तीसगढ़ सरकार के साथ किए जा रहे सौतेले व्यवहार के विरोध में किसानों के समर्थन में प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया और ताली थाली बजाकर केंद्र की अंधी बहरी मोदी सरकार को जगाने का प्रयास सांकेतिक रूप से किया गया। भारतीय जनता पार्टी दो मुंह वाली बात करती है अगर वे किसानों के साथ है तो काले कानूनों के खिलाफ किसानों के समर्थन में खड़े हो और साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार के साथ खड़े होकर किसानों के कंधे से कंधा मिलाते हुए केंद्र सरकार द्वारा बारदाने में की जा रही कटौती के विरोध में खड़े हों और केंद्र सरकार से बारदाना की मांग करें। इस विरोध प्रदर्शन में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल शर्मा के साथ समस्त कार्यकारिणी जिला कांग्रेस शहर कांग्रेस मंडल कांग्रेस के नेता/कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहे।

# स्वामी विवेकानंद सेवा समिति कोण्टा ने मनाई स्वामी जी की 158 वीं जयंती

कोण्टा, 13 जनवरी (सन्यूस)। स्वामी विवेकानंद सेवा समिति ने राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर उत्साह, साहस और उमंग, के पर्याय, के सभी युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए। कोण्टा नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 13 में स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में स्वामी विवेकानंद जी की 158 वीं जयंती मनाई गया। स्वामी जी के प्रतिमा पर 51 लीटर दूध से क्षीराभिषेक किया गया। तत्पश्चात पूजन, माल्यार्पण एवं स्वामी की जयघोष के नारे गूंजे, व संध्या 6:00 बजे स्वामी विवेकानंद पार्क में कमेटी के सदस्यों के द्वारा 111 दीप प्रज्वलित किया गया। स्वामी जी के जीवनी को अपने जीवन में भी आत्मसात करने की वचन लिया गया हैं। इस अवसर पर गिरीश कुमार, गंगाचलम, वेंकटरमण, साई रेड्डी, नवीद्र कुमार , बी. अरुण, सेमल. नरेश, के. श्रीनू, वेट्टी. अनिल कुमार, डी.श्रीनिवासन, रमण, जय सूर्य, अमितेश सिंह, अमित, उपस्थित थे।

# विधायक के नाम पर फर्जी कॉल कर धन की उगाही करने वालो से रहे सावधान – शोरी

कांकेर, 13 जनवरी (सन्यूस)। विधायक एवं संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि उनके नाम पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मोबाइल पर फोन करके लोगों से अपने आपको विधायक का जनरल सेक्रेटरी बताकर पैसे की मांग करते हुए तथा विभिन्न प्रकार के कार्य कराने के आश्वासन देकर धन की उगाही के संबंध में शिकायत प्राप्त हो रही है जिसे गम्भीरता से लेते हुए विधायक शिशुपाल शोरी ने संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा इस संबंध में आम जनता को ठगी से बचने की अपील की है । इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि सुनील गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि के मोबाईल क्र. 7415985400 के माध्यम से विगत 02 दिनों में क्षेत्र के व्यवसायियों तथा आम जनता को मोबाईल कॉल कर अपने आप को विधायक शिशुपाल शोरी का जनरल सेक्रेटरी बताकर धन की उगाही की जा रही है , जो कि सर्वथा अनुचित एवं अवैधानिक है । उक्त अज्ञात व्यक्ति का विधायक शिशुपाल शोरी तथा उनके कार्यालय से किसी भी प्रकार से कोई संबंध नहीं है । अतः आम जनता ऐसे फर्जी कॉल से सावधान रहें और किसी भी प्रकार से धनराशि सम्बधी संव्यवहार न करें ।